# विश्वविद्यालय में एनएसएस एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में वृहद पौधारोपण अभियान, 2200 पौधे लगाए गए

दिनांक 12 जुलाई 2026 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के संयुक्त तत्वावधान में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित परिसर का निर्माण तथा विद्यार्थियों एवं युवाओं में प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना था । इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में कुल 2200 पौधों का रोपण किया गया । पौधारोपण अभियान के अंतर्गत आम, अमरूद, जामुन, आँवला सहित विभिन्न प्रजातियों के छायादार, फलदार एवं पुष्पीय पौधे लगाए गए। इन पौधों का चयन पर्यावरणीय संतुलन, जैव विविधता के संरक्षण तथा परिसर की हरियाली को समृद्ध बनाने के उद्देश्य से किया गया। स्वयंसेवकों एवं कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण करते हुए पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया ।

